बैंक ऑफ बड़ौदा
क्षेत्रीय कार्यालय, वाराणसी क्षेत्र

बैंक ऑफ बड़ौदा को वरीयता के आधार पर निम्नलिखित शाखा, जिसका विवरण अधोलिखित है:-

क्रम संख्या	शाखा का नाम	क्षेत्र	आवश्यक कार्पेट एरिया
1.	बैंक ऑफ बड़ौदा, राबर्ट्सगंज शाखा	राबर्ट्सगंज, जिला- सोनभद्र	(1700 वर्ग फीट से 2000 वर्ग फीट)

उपरोक्त शाखा हेतु पट्टा/किराए पर भूतल पर उक्त वर्णित एरिया वाले तैयार व्यवसायिक परिसर भवन की आवश्यकता है।
उक्त परिसर हेतु निम्नलिखित विवरणो के साथ दो अलग-अलग लिफाफों (टू बिड सिस्टम 1. तकनीकी बिड 2. वित्तीय बिड) में मुहर बंद निविदा/प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं। भूतल के परिसर को प्राथमिकता दी जाएगी, यदि प्रस्तावित परिसर द्वितीय तल या उससे से ऊपर है तो, लिफ्ट की व्यवस्था परिसर मालिक द्वारा अवश्य होनी चाहिए।

लिफाफा नं (1) तकनीकी बिड/टी.बी. में पूरा तकनीकि विवरण होना चाहिये अर्थात परिसर के पूर्ण विवरण सहित लोकेशन, समापन/व्यवसाय प्रमाड पत्र के साथ ड्रान टू स्केल बनाई गई योजना, अधिग्रहण किए जाने वाले प्रत्येक भाग का कार्पेट क्षेत्र, आंतरिक समापन का विनिर्देश, सुविधाएं, कार पार्किंग सुविधाएं, रेलवे स्टेशन से दूरी अधिग्रहण प्रमाण पत्र सहित स्वीकृत प्लान/कब्जा प्रमाण पत्र की एक प्रति, व्यवसायिक उपयोग प्रमाण पत्र , व्यवसायिक उपयोग हेतु स्वीकृति, एवं अन्य/आदि का विवरण होना चाहिये। **तकनीकी बिड में किसी भी रूप में किराए/ मूल्य का विवरण/संकेत नहीं दिया जाना चाहिये।**

लिफाफा नं (2) वित्तीय बिड में वित्तीय विवरण दिया जाए अर्थात कार्पेट एरिया प्रति वर्ग फुट की दर, वर्ग फुट पर कार्पेट क्षेत्र, नगरपालिका करों के ब्योरें एवं लीज व्यय होने चाहिए। **कार्पेट क्षेत्र (आई एसकोड 3861-2002 के अनुसार)में सीढ़ियाँ , गलियारा , मार्ग , बरामदा , लिफ्ट के लिए शाफ्ट एवम् मशीन कक्ष, एयर कंडीशिनिंग डक्ट , लोफ्ट, निर्मित वार्डरोब, शेल्फ , मध्यवर्ती स्तम्भ /कॉलम, विभाजन व दीवार व अन्य अवरोधक , बरामदा, बालकनियां, बाथरूम व शौचालय आदि शामिल नहीं किए जाएंगे।** संभावित स्टाम्प शुल्क, रजिस्ट्रेशन प्रभार, अन्य खर्चे, नगरपालिका-करों सहित मासिक खर्च इत्यादि टू बिड सिस्टम तथा कार्पेट एरिया पर आनरशिप के आधार पर प्रस्तुत न किए गये प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

प्रस्तावित भवन में, दो टॉयलेट (महिला एवं पुरुष), विट्रीफाइड टाइल्स फ्लोरिंग, रोलिंग शुट्टर(सेंट्रल लॉक के साथ) , चैनल गेट एवं 15 केवीए का तीन फेज़ बिजली कनैक्शन(या बैंक की आवश्यकता अनुसार) भवन स्वामी को अपने खर्चे पर उपलब्ध करवाना होगा।

"कार्पेट एरिया में बरामदा, कॉरिडॉर , पैसज एंट्रेंस हाल एवं पोर्च, स्टैरकेस, स्टेअर कवर , शाफ्ट एवं मशीन रूम फॉर लिफ्ट, एसी डक्ट/ प्लांट रूम, शाफ्ट फॉर सैनिटरी/वॉटर सप्लाइ/गार्बेज़/फ़ाइर फाइटिंग/एलेक्ट्रिसिटी/टेली-कम्युनिकेशन/एसी, बाथरूम ,स्टील्ट, कवर्ड/ओपन पार्किंग स्पेस, पम्प रूम, फ्लावर बेड, वाचमेन चौकी, स्टोरेज टैंक, छज्जा, कनोपी एवं पूजा स्थल शामिल नहीं किए जाएंगे।"

क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी,बड़ौदा भवन,प्लॉट नंबर 24, द्वितीय तल, इंडस्ट्रियल इस्टेट एरिया,चाँदपुर,वाराणसी -221106,भारत
Regional Office-**"BARODA BHAWAN"** Plot No. 24, 2nd Floor, Industrial Estate, Chandpur, Varanasi –221106, INDIA
फोन नंबर /Ph.No.0542- 2372752, 2372773 फैक्स /Fax 2372780, ई मेल /Email- rm.varanasi@bankofbaroda.com

प्रस्ताव प्रस्तुती की अंतिम तिथि से -120- दिनों की न्यूनतम अवधि के लिए वैध होने चाहिए। कोई भी ब्रोकरेज का भुगतान नहीं किया जाएगा।

उचित रूप से भरे दोनों सील/मुहर बंद निविदाओं को अलग –अलग लिफाफे पर जिस पर "तकनीकी बिड" एवं "वित्तीय बिड" स्पष्ट रूप से लिखा होना चाहिये तथा सूचना/विज्ञापन का संदर्भ विवरण दिया जाना चाहिये। दोनों सील बंद लिफाफों को एक सील लिफाफे में बंद कर दें एवं लिफाफे पर

"राबर्ट्सगंज शाखा, जिला –सोनभद्र में परिसर का प्रस्ताव"

लिखा हो तथा आवेदक का नाम, पता एवं मोबाइल नंबर लिखा हो, को निम्नलिखित पते पर दिनांक 02.05.2024 साँय 3:00 बजे तक जमा कर दें:-

कार्यालय प्रशासन विभाग
बैंक ऑफ बड़ौदा,
क्षेत्रीय कार्यालय, वाराणसी
द्वितीय तल, प्लॉट नंबर -24
इंडस्ट्रियल इस्टेट, चाँदपुर वाराणसी -221106
संपर्क संख्या -: 9554959658

तकनीकी बिड दिनांक 02.05.2024 को साँय 3:30 बजे खोली जाएगी। इच्छुक निविदाकर्त्ता/बिडर नकनीकी बिड ओपनिंग के समय उक्त समयानुसार उक्त पते पर उपस्थित रह सकते है।

इस प्रक्रिया के संबंध में बैंक द्वारा किसी भी समय लिया गया निर्णय अंतिम एवं निर्णयात्मक होगा व इस संबंध में किसी भी प्रकार का कोई दावा या विवाद नहीं किया जाएगा।

दिनांक :- 11.04.2024

क्षेत्रीय प्रमुख
वाराणसी क्षेत्र

क्षेत्रीय कार्यालय वाराणसी,बड़ौदा भवन,प्लॉट नंबर 24, द्वितीय तल, इंडस्ट्रियल इस्टेट एरिया,चाँदपुर,वाराणसी -221106,भारत
Regional Office-**"BARODA BHAWAN"** Plot No. 24, 2nd Floor, Industrial Estate, Chandpur, Varanasi –221106, INDIA
फोन नंबर /Ph.No.0542- 2372752, 2372773 फैक्स /Fax 2372780, ई मेल /Email- rm.varanasi@bankofbaroda.com